तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

13 वर्षों की मांग के बाद भी नेवारीकला में नहीं बना पुल, पर हर ...



14 ईद पर नमाज कर मांगी अमन चैन की दुआ





## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## दुर्घटना : ग्राम अंडा में बस स्टैण्ड के पास सोमवार दोपहर 2 बजे की घटना

# कबाड़ी दुकान में लगी भीषण आग लोगों ने भागकर बचाई अपनी जान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 31 मार्च सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे ग्राम अंडा बस स्टैण्ड के पास जावेद खान की कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गये।

- आग लगते ही आसपास के लोगों ने की आग बुझाने की कोशिश

इस बीच सूचना मिलने पर थाना अंडा प्रभारी डा भानु प्रताप साव के मार्गदर्शन में एसआई सुन्दर लाल नेताम, तुलसी राम साहू, आरक्षक कौशलेंद्र बघेल दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। साथ ही सूचना मिलने के बाद दमकल की कई गाड़ियां भी पहुंच गई। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



### आग की लपटें देख घरों से निकलकर भागे आसपास के लोग

बताया जाता है कि आग लगते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत डायल 112 और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। आग की लपटें इतनी तेज थीं, कि आसपास के मकानों को भी अपनी चपेट में लेने लगीं। इससे लोग घबराकर अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। इस भयावह घटना के कारण स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई।

### ईद के मौके पर दुर्ग गया था दुकान मालिक

प्राप्त जानकरी के अनुसार कबाड़ी दुकान के मालिक जावेद अंसारी ईद त्यौहार के अवसर दुर्ग गए हुए थे। घर में उनके यहां काम करने वाले ही थे। उन्होंने भी आग लगने पर पहले आसपास के लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन, आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दुकान के आसपास रखे कबाड़ी के सामान को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस थाना अंडा इस मामले की जाँच में जुटी। आग को बुझाने के लिए गांव के सरपंच दिग्विजय सिन्हा, क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर, पूर्व सरपंच मुकेश चन्द्राकर, पूर्व जनपद सदस्य राकेश चन्द्राकर, अमित चन्द्राकर, पंचों और ग्रामीणों ने विशेष सहयोग किया।

# राज्यपाल रमेन डेका आज और कल बालोद प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



राज्यपाल रमेन डेका 1 एवं 2 अप्रैल को बालोद जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे पहले दिन संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। उसके बाद जिला मुख्यालय के आसपास के स्थानों का भ्रमण कर जिले में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा भी लेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार राज्यपाल रमेन डेका 1 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टोरेट बालोद पहुँचेंगे। पहले वे एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत कलेक्टोरेट परिसर में पौधारोपण करेंगे। उसके बाद वे संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेंगे। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक के बाद राज्यपाल श्री डेका शाम 05 बजे जिला मुख्यालय बालोद के आसपास के स्थानों का भ्रमण कर जिले में केन्द्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का अवलोकन करेंगे।

उसके बाद जिला मुख्यालय बालोद में रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 2 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे सर्किट हाउस बालोद से मोहला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राज्यपाल के जिला प्रवास की तैयारी का कलेक्टर चंद्रवाल ने लिया जायजा



राज्यपाल रमेन डेका के 1 एवं 2 अप्रैल को बालोद जिले के प्रवास को देखते हुए कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर में निर्धारित स्थानों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इसके अंतर्गत उन्होंने राज्यपाल के संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के अलावा परेड एवं सलामी स्थल तथा राज्यपाल द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौध रोपण के लिए निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस एवं राज्यपाल कार्यालय के सुरक्षा अधिकारियों के साथ राज्यपाल के आगमन एवं प्रस्थान के निर्धारित रूट एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को जिले में राज्यपाल के प्रवास कार्यक्रम को सफल एवं बेहतर बनाने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पसौद में क्रिकेट प्रतियोगिता 8 से

**लाटाबोड़।** गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम पसौद (हल्दी) में 8 से 12 अप्रैल तक पांच दिवसीय रात्रिकालीन प्लास्टिक बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। टीम के कप्तान प्रीतम साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 हजार रूपए, द्वितीय 5001 एवं तृतीय 3001 हजार रूपए तथा विनर शील्ड के साथ ही मैच में प्रवेश शुल्क 351 रूपया रखा गया है।

### लूटपाट करने वाले 3 नाबालिग गिरफ्तार

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले तीन अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि दुर्गा नगर जुनावनी निवासी रोशन कुमार स्वीगी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। घासीदास नगर जामुल निवासी ने स्वीगी में खाने का आर्डर किया। जैसे घासीदास नगर पहुंचा। 5 युवक पहुंचे और आर्डर करने का झांसा देकर बाइक से चाबी निकाल कर पीड़ित से मारपीट कर जेब में रखे 1900 रूपये, मोबाइल, आधार कार्ड लूट लिए। शिकायत पर पुलिस ने खोजबीन करने पर तीन अपचारी बालको को पकड़ा पूछताछ में घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

# रेत के अवैध उत्खनन की शिकायत पर पहुंची टीम, कुछ नहीं मिला, बैरंग लौटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पोंड में महानदी में दिन रात रेत के अवैध उत्खनन की शिकायतें मिल रही हैं। हालांकि कार्रवाई करने पहुंची खनिज विभाग की टीम को कुछ भी नहीं मिला और उन्हें बैरंग लौटना पडा। लेकिन, दिन के उजाले में ही रेत का परिवहन चलता रहा। बताया जाता है कि महानदी के तट पर स्थित ग्राम पोंड रेत माफियाओं के लिए हमेशा से ही स्वर्ग रहा है। बताया जा रहा है कि यहां रेत निकालने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि दिन के उजाले में भी रेत का खनन चलता है। वहीं, इनका नेटवर्क इतना मजबूत है कि खनिज विभाग की टीम लगभग हर बार बैरंग लौटती है। मामले में रात के अंधेरे में रेत खनन की शिकायत पर खनिज विभाग की टीम रेत घाट में पहुंची, लेकिन रेत घाट में कुछ नहीं मिला। हालांकि, उन्हें नदी के बाहर ग्राम में एक चैन माउटेंन खड़ी मिली। वहीं, मौके पर कुछ भी नहीं मिलने के कारण वे बिना कोई कार्रवाई किए लौट गए।

- ग्राम पोंड में महानदी में रेत के अवैध उत्खनन की आए दिन मिलती रहती है शिकायत

### सरपंच को रेत खनन की जानकारी नहीं

मामले में सरपंच हेमलता चोरमार ने कहा कि हमें रेत खनन की जानकारी नहीं है। रात में रेत खनन की जानकारी पर खनिज विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने आए थे, लेकिन घाट में कुछ नहीं मिला। नदी में रैंप बना हुआ है, रैंप पर हाईवा एवं चैन माउंटेन के चलने के निशान दिखे। उधर, घाट में ग्राम धानापुरी, कुलिया एवं गुरूर के रेत ठेकेदार के वाहन मिले। वाहन चालकों एवं रेत ठेकदार कमल ने बताया कि हम प्रति गाड़ी ग्रामीणों को 500 रूपये रायल्टी देते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सहमति से ही रेत ले जाते हैं। वहीं, ग्रामीणों ने नाम नहीं बताया, लेकिन समूह में बैठे ग्रामीणों ने कहा कि आवास के लिए रेत ले जाते हैं।





### चैत्र नवरात्रि व हिन्दू नववर्ष के प्रथम दिन नयापारा में जुटीं महिलाएं

# कपिलेश्वर मंदिर में मातृशक्तियों ने जलाए दीप, माता को चढ़ाई चुनरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस व हिन्दू नववर्ष के प्रारंभ पर नगर के नयापारा में कपिलेश्वर मंदिर प्रांगण में बालोद शहर की मातृशक्ति संगठन की बहनों ने दीप प्रज्वलन कर माता को चुनरी अर्पण किया।

इस अवसर पर सभी मातृशक्तियों को सुहाग की सिन्दूर डिबिया और बिंदी के पत्ते का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पहुंची महिलाओं ने चुनरी गीत, दीप ज्योति गीत अन्य सुन्दर भजन की प्रस्तुति दी। वहीं, बाल संस्कार केंद्र की जिला प्रमुख पूजा जैन ने सभी मातृ शक्तियों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हमारा अपने स्वयं के प्रति अपने हिन्दू सनातन धर्म, हमारे हिन्दू समाज के प्रति यह कर्तव्य बनता है कि हिन्दू धर्म में वर्ष भर होने वाले सभी त्योहारों और व्रतों को अत्यंत सुंदरता से और भव्यता से हिन्दू धार्मिक नियमों का पालन करते हुए मनाएं, जिससे हमारे हिन्दू सनातन धर्म की नींव को, हमारी बुनियाद को कोई भी कमजोर न कर सके। इसका असर हमारी आने वाली पीढ़ी पर भी हो। अपने धर्म के प्रति हमेशा सजग रहें और अपने हिन्दू धर्म की संस्कृति, संस्कारों का पालन करना जानें और सीखें। इसी क्रम में बाल मंदिर की अध्यापिका रानी योगी ने एक सुंदर कविता के माध्यम से सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष ममता यदु ने भजन के माध्यम से शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में पूजा जैन, ममता यदु, रानी योगी, सोनकली पटेल, मंजू श्रीवास, प्रीति दीदी, उमा दीदी, किरण सोनी, चमेली दीदी कलिन यादव, कपिलेश्वर मंदिर की मातृ शक्ति समिति की मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुईं। अंत में माता जी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# अगले साल मिलेगी सिक्सलेन कारीडोर की सौगात, 28 फीसदी कार्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राजनांदगांव के टेडेसरा से आरंग तक बनने वाली सिक्सलेन कारीडोर का कार्य तेजी से जारी हैं। ग्रीनफील्ड वाले सिक्सलेन लोहे के ग्रिल से लैस होगी। कुछ जगह छोडकर अन्य जगह कट का प्रावधान नही किया गया हैं। बहरहाल इस प्रोजेक्ट को 2025 में पूरा कर लिया जाना था। लेकिन अब इसे वर्ष 2026 के जून माह तक तैयार करने का टारगेट रखा गया हैं।

बहरहाल टेडेसरा से सिक्सलेन का कार्य पिछले दो माह से जारी है। यहां सडक का कार्य जारी होने से आवागमन को वनवे कर दिया गया हैं। रायपुर दुर्ग से नया रायपुर होकर आरंग तक जाने वाली 92 किमी से ज्यादा लंबी ग्रीनफील्ड सिक्सलेन सड़क का काम 30 जून 2026 तक पूरा हो जाएगा।

नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने बताया कि, यह प्रोजेक्ट 3700 करोड रूपए की लागत से तैयार होगा। सडक के किनारो लोहे के ग्रिल से सडक पैक रहेगें। वहीं सडक किनारे वातावरण हरे-भरे रखे जाएंगे। ग्रीनफील्ड वाले इस हाईवे में मवेशियों की एंट्री नही होने से हादसे पर लगाम रहेगा।

## टेड़ेसरा से आरंग तक सिक्सलेन का कार्य तेजी से जारी

### कारीडोर का 28 फीसदी हिस्सा बन चुका

विगत दिनों लोकसभा में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में दुर्ग सांसद विजय बघेल के तारांकित प्रश्न के उत्तर में बताया कि, दुर्ग से आरंग तक 92.23 किलोमीटर लंबे 6-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण कार्य अभी जारी है। दुर्ग जिले में यह सड़क 40.70 किलोमीटर की बन रही है। इसका 28.55 फीसदी हिस्सा बन चुका है, इसलिए इस प्रोजेक्ट के पूरा होने की संशोधित तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है।



### टोल नाके का भी होगा प्रावधान

प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार टोल नाका बनेगें। इसमें टेडेसरा के एंट्री पर और फुंडा, अभनपुर और आरंग को शामिल किया गया हैं। इस सड़क पर दो स्थानों दुर्ग-बालोद सटे हाइवे-7 में सीएसआईटी दुर्ग के पास और दुर्ग-पाटन से सटे हाइवे-22 में फुंडा गांव के पास कनेक्टिंग, एप्रोच रोड इंटरचेंज की सुविधाएं देने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा अभी किसी अन्य जगह पर कनेक्टिंग, एप्रोच रोड अथवा इंटरचेंज की सुविधाओं के विस्तार का प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। बहरहाल दुर्ग में दर्जनभर गांव में अधिग्रहण की समस्या बनी हुई है। जिसके कारण कार्य में तेजी नही आ पाई हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि, दुर्ग से आरंग तक चार जगह टोल नाका बनाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग आइडल की घोषणा से संगीत प्रेमियों में हर्ष

**दुर्ग।** शहर में संगीत प्रेमियों के लिए पुनः दुर्ग आइडल कराए जाने महापौर की घोषणा का छत्तीसगढ़ मंच एवं शहर के समस्त गायक कलाकारों एवं संगीत प्रेमियों ने स्वागत करते हुए महापौर श्रीमती अल्का बाघमार सभापति श्याम शर्मा एवं सांस्कृतिक विभाग प्रभारी हर्षिका संभव जैन एवं पार्षदों के प्रति आभार जताया है। छत्तीसगढ़ मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी उपाध्यक्ष दिनेश जैन एवं कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने विगत दिनों महापौर से मिलकर शहर में दुर्ग आइडल गायन प्रतियोगिता करवाने की मांग की थी जिस पर महापौर ने उक्त मांग पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया था। महापौर ने दुर्ग आइडल कराए जाने की घोषणा की है। विदित हो कि भूतपूर्व महापौर श्रीमती चंद्राकर के कार्यकाल में दुर्ग आइडल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था। जिसमें दुर्ग शहर के सभी वार्डों से गायक कलाकारों ने भाग लिया था। जिससे शहर के संगीत प्रेमियों को नगर निगम के माध्यम से एक बेहतरीन अवसर व मंच प्रदान हुआ था। शहर के समस्त संगीत प्रेमियों एवं नागरिकों ने कार्यक्रम को काफी सराहा था और यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया हिंदू नववर्ष



**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में भगवा ध्वज पूजन कर विद्यालय के शिखर में स्थापित किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, प्राचार्य श्रीमती कृपा शर्मा तथा आचार्य, दीदीगण उपस्थित थे । पूजन शंखनाद करते हुए एक दूसरे को उत्साह पूर्वक नव संवत्सर की बधाई दी गई। ज्ञात हो कि नव संवत्सर के अवसर पर विद्यालय को तोरण, रंगोली आदि से सजाया गया है।

### महापौर ने चैत्र नवरात्र की दी बधाई

**दुर्ग।** हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि



प्रथम दिन महापौर अलका बाघमार ने वार्ड 14 सिकोलाभाठा स्थित माँ शीतला मंदिर में ज्योति कलश का दर्शन कर शहर व प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने चैत्र नवरात्र, हिन्दू नववर्ष पर शहर एवं प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शशि साहू, पार्षद सुरुचि उमरे, ललित ठाकुर, लोकेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अरुण सिंह, मनमोहन शर्मा, पूर्व पार्षद शंकर ठाकुर मौजूद रहें।

## समस्या : सिर्फ कागजों में हो रही गुणवत्ता सुधार का प्रयास

# पूरा सत्र बीत गया लेकिन 1105 स्कूलों में शिक्षकों के हजारों खाली पद नहीं भरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एकतरफ जहां राज्य शासन स्कूलो में शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने का दावा कर रही हैं, वही जिले में शिक्षको के पदों में जबरदस्त कमी बनी हुई है। हालात यह हैं कि, कई स्कूलो में एक या दो शिक्षक के उपर पढाई का पूरा बोझ है। इसके बाद भी रिक्त पदों पर भर्ती नही की जा रही है। यही कारण है कि, पिछले साल राज्य की मेरिट सूची में दसवी में चार और बारहवी से सिर्फ एक ही छात्रा ने ही जगह बनाई थी। वर्ष 2024 25 का पूरा सत्र बीतने को है इसके बाद भी खाली पद नहीं भरे गए।

पिछले दिनों मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति किया गया था। इसके बाद से प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों की और भी कमी हो गई है। मिली जानकारी अनुसार प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकंड्री के जिले में 1105 स्कूल संचालित हो रहे है। यहां 6470 पद स्वीकृत है। जिसमें 5330 शिक्षक ही कार्यरत है। जबकि 1140 शिक्षको की कमी है। जिसमें एक लाख 61714 बच्चों अपना भविष्य शिक्षको की कमी के बीच गढ रहे है। इन स्कूलों में 1140 शिक्षको की कमी विगत कई सालों से बनी हुई है। शिक्षको की कमी के कारण स्कूलो में गुणवत्ता सुधार में कोई खास परिवर्तन नही आ रहा है। भले ही राज्य शासन द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित की जा रही हो, लेकिन इसका भी कोई खास प्रभाव इन दो सालों में नही दिख रहा है। यही कारण हैं कि शिक्षको के रिक्त पदों में भर्ती की मांग लगातार उठ रही है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा कई व्याख्याता शिक्षको को मुख्यालय में अटैचमेंट कर रखा गया है।

## स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती की उठ रही मांग, सालों से पद खाली

**खास बातें**

- मापदंड में प्रत्येक 35 बच्चों पर एक शिक्षक होना जरूरी
- जिले में पिछले लंबे समय से स्कूलों में भर्ती का अभाव
- 6470 पद है स्वीकृत
- 5330 शिक्षक ही कार्यरत



### प्राचार्य और प्रधान पाठक की भी कमी

जानकारी अनुसार प्रायार्य के 147 पदों में सिर्फ 92 कार्यरत है। इसी तरह व्याख्याता के 1353 पदों में सिर्फ 1189 है। वही प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के 315 पद में 249 कार्यरत हैं। वही शिक्षक के 1778 में 1733 कार्यरत है। वही प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल के 568 पदों में 445 कार्यरत है। इसी तरह सहा शिक्षक एलबी के 1953 में 1495 कार्यरत है। सहायक विज्ञान व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाल के 271 में 122 और ग्रंथपाल के 85 पद में सिर्फ 5 पर कार्यरत है। यह प्राथमिक से लेकर हायर सकेंड्री तक की स्थिति है।

### खोल दिए आत्मानंद, यहां भी शिक्षक नहीं

राज्य शासन द्वारा शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल दिया गया है। लेकिन यहां भी स्वीकृत पद और बच्चों के संख्या अनुसार शिक्षको की कमी रहने से कहां तक गुणवत्ता में सुधार आएगी। जानकारी अनुसार जिले में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के जिले में 52 स्कूल संचालित है। इसमें 1700 पद स्वीकृत किए गए है। लेकिन कार्यरत सिर्फ 1240शिक्षक है। इस तरह हिन्दी मिडियम में 138 और अंग्रेजी में 271 पद रिक्त है। हांलाकि शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना हैं कि, रिक्त पदों के लिए प्रतिनियुक्ति व संविदा के जरिए पूर्ति की जा रही है। जिसका सत्यापन जारी है।

## युवा संसद महोत्सव में दीपांशु प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से आयोजित युवा संसद महोत्सव 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन विधान सभा में संपन्न हुआ। आयोजन में विभिन्न जिलों से 140 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। प्रतियोगिता का विषय संविधान के 75 वर्ष अधिकार कर्तव्य और प्रगति की यात्रा था। इस विषय पर प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट में अपने विचार प्रस्तुत करना था। दीपांशु ने बड़ी प्रखरता के साथ अपनी बात रखी जिसके कारण उन्हें इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिंह ने उनके इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी अग्रिम शुभ कामनाएं प्रदान की।

कार्यक्रम समन्वयक प्रो जनेन्द्रकुमार दीवान एवं जिला नोडल अधिकारी प्रो तरुण कुमार साहू ने बताया कि छग वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं पद्मश्री अनुज शर्मा और खेल और युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा दीपांशु को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीपांशु राष्ट्रीय स्तर संसद भवन में होने वाले युवा संसद महोत्सव 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महाविद्यालय परिवार सहित वरिष्ठ प्राध्यापकों डॉ एसएन झा, डॉ अभिनेष सुराना, डॉ. जगजीत कौर सलूजा, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ एके पाण्डेय, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ राकेश तिवारी, डॉ ज्योति धारकर , सुदेश कुमार साहू ने दीपांशु को बधाई दी हैं।

## पोलसायपारा में बनेगा सामाजिक भवन, किया गया भूमिपूजन



**दुर्ग।** वार्ड 27 पोलसाय पारा में विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से सामुदायिक भवन बनेगा जिससे यहां होने वाले धार्मिक सामाजिक आयोजनो में बैठक व्यवस्था में सहूलियत मिलेगी। उन्होंने दुर्ग के अन्य सामुदायिक भवनो को दुरुस्त करने कहा है ताकि जरूरत पड़ने पर लोग भवन का उपयोग कर सके। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की वार्ड 27 पोलसाय पारा में 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण करने महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा के साथ भूमिपूजन किया। इस दौरान उपस्थितजन को सम्बोधित करते हुए महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, अब दुर्गवासियों को विकास को लेकर चिंता की कोई बात नहीं दुर्ग निगम में ट्रिपल इंजन की सरकार आ गई है। दुर्ग में विकास के नये आयाम बनाने काम किया जायेगा। कार्यक्रम में एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, नरेंद्र बंजारे, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार पार्षद कुलेश्वर साहू, लीलाधर पाल, गोविन्द देवांगन, श्रीमति शशि द्वारिका साहू, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, विनोद चंद्राकर, संभव जैन, राकेश देवांगन, जीतेन्द्र देवांगन सहित बड़ी संख्या वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

## चैत्र नवरात्रि पर निकाली प्रभात फेरी



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के संत आशाराम बापू समिति द्वारा प्रभात फेरी हरि नगर कातुलबोर्ड दुर्ग से निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से सभी ग्राम वासियों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामना दी गई। प्रभात फेरी में हरिनगर के अलावा और भी जगह से सैकड़ों की संख्या में साधक भाई और बहन शामिल थे। समिति द्वारा बताई गई की विश्व सेवा दिवस के रूप में संतआशारामजी बापू का अवतरण दिवस के निमित्त जगह जगह शर्बत वितरण 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक की जायेगी और 19 अप्रैल को अवतरण दिवस बेलौदी आश्रम दुर्ग में धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रभात फेरी कार्यक्रम के अंत में आरती प्रसादी के बाद युवा सेवा संघ का पुनः गठन हुआ। जिसमें युवा सेवा संघ के प्रमुख शिवा साहू को भिलाई दुर्ग संघ का प्रमुख बनाया गया।साथ में सभी को पदभार भी दिए गए।

## विकासखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खेलगांव खम्हरिया के खिलाड़ियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विकासखंड दुर्ग के अंतर्गत खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस आयोजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी देशलहरे सरपंच ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया एवं अध्यक्षता टीकाराम साहू उपसरपंच खम्हरिया, विशेष अतिथि बी.आर.साहू (अंतराष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी) पंच हामीन साहू ने किया। खेलकूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 19 वर्ष तक के बालक -बालिका ने लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा, फुगड़ी एवं संखली खेल में भाग लिया।इस आयोजन में 65 बालक एवं 35 बालिका - 100 खिलाड़ी एवं 8 आफिसीयल समेत कुल 108 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

- लंगड़ी दौड़, रस्सीकूद, गेड़ी, फुगड़ी, भौंरा आदि की हुई स्पर्धा



### सभी विजेताओं का अतिथियों द्वारा पुरस्कृत

प्रतियोगिता में भौंरा खेल में खम्हरिया का साहिल प्रथम रहा तो वही, बालिका वर्ग से खम्हरिया की गीतिका ठाकुर प्रथम स्थान पर रही। रस्सीकूद में खम्हरिया के आकाश साहू प्रथम स्थान पर रहे, बालिका वर्ग से खम्हरिया की डॉली साहू से प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक फुगड़ी में प्रथम स्थान पर नीरज कुमार-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-ट्रिपाली पटेल खम्हरिया रही। साथ ही बालक लंगडी दौड़ में प्रथम-वैभव कुमार, युगल किशोर-पाऊवारा, बालिका-प्रथम-हर्षिता देशलहरे रही। साथ ही विजेता खिलाड़ियों को समस्त अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

### खेल युवा कल्याण विभाग की पहल

निर्णायको में तरूण यादव-पीटीआई दीपशिखा विद्यालय उतई, खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग के भरतलाल ताम्रकार (खेलों इंडिया कोच दुर्ग), भूपेंद्र कुमार हिरवानी (एनआईएस कोच), दुष्यंत साहू (सहायक क्रीड़ा अधिकारी अर्जुनी राजनांदगांव) हिमांशु टंडन, नवीन यदु खेल प्रशिक्षक निकुम रहे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रदीप कुमार भुवाल, योगेश्वर विश्वकर्मा, मोनेष निषाद, दुर्लभ टंडन, तरुण देशमुख, युगल किशोर साहू, संजय साहू, कविता देशलहरे, मोना साहू, कमलेश्वरी डहरे (बीपीएड) कुणाल देवांगन, यश गंधर्व, दुर्गेश सिंह राजपूत एवं समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस पुरे कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजन प्रभारी बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर) एवं आभार व्यक्त प्रदीप कुमार भुवाल खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग ने किया।

## ग्रामीण विधायक ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की सौंपी चाबी

# पीएम आवास योजना की चाबी सौंपकर कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत कोलिहापुरी पंचायत भवन में महागृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दिन का महत्व हिंदू नववर्ष,

- प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घरों में हुआ प्रवेश

चैत्र प्रतिपदा और नवरात्रि के शुभ अवसर पर और भी बढ़ गया। हजारों ग्रामीण परिवारों ने अपने नवनिर्मित पक्के घर में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दस लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से मकान की चाबी सौंपी और दस अन्य हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना को गरीबों और जरूरतमंदों के लिए एक वरदान बताया। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि घर हर व्यक्ति का सपना होता है और यह सपना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए लाखों गरीब परिवारों के लिए साकार हो रहा है। विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि दुर्ग जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक आवासों का निर्माण कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। यह प्रदेश के विकास और इस योजना की प्रभावशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार मिलकर गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लगातार काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने न केवल गरीबों को घर दिया, बल्कि महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू कीं, जैसे उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना, और अन्य योजनाओं के माध्यम से उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाया



### कलेक्टर ने दी जानकारी

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी इस अवसर पर सभी हितग्राहियों को गृह प्रवेश की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह दिन उन परिवारों के लिए है, जो अब अपने पक्के घर में रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में अब तक की गई प्रगति का विवरण दिया। कलेक्टर ने बताया कि अब तक 9203 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है, 5537 आवासों को पहली किश्त और 4409 आवासों को दूसरी किश्त मिल चुकी है। 2313 आवास पूरी तरह से तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जिन लोगों का पक्का घर अभी तक नहीं बन पाया है, वे अपने ग्राम पंचायत में पंजीयन करा सकते हैं, और जिनके आवास अधूरे हैं, उन्हें स्थानीय आवास मित्रों की मदद से जल्द ही पूरा किया जाएगा। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का पूरा लाभ उठाएं और सभी प्रक्रियाओं को सही तरीके से पूरा करें, ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को इस योजना से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी मांगा, आ रहा 900 क्यूसेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भीषण गर्मी की वजह से निस्तारी तालाबों में पानी नहीं है। सांसद विजय बघेल की पहल से तादुंला जलाशय से तालाबों के लिए पानी छोड़ा गया है लेकिन यह पहुंच नहीं रहा। दुर्ग जिला प्रशासन ने बालोद के तादुंला जलाशय से 1300 क्यूसेक पानी दुर्ग जिले के लिए मांगी है लेकिन हाल यह है कि जलाशय में ही पानी की कमी है।

जिसकी वजह से महज 900 क्यूसेक पानी नहीं आ पा रहा है। यानी 400 क्यूसेक पानी की कमी की वजह से सभी माइनरों में ही पानी नहीं पहुंच पा रहा है। तादुंला जलाशय का पानी पाउवारा, कातरो, कोड़िया व उतई क्षेत्र तक ही पहुंच रहा है और पानी यही खत्म हो जा रहा है। जिसकी वजह से खम्हरिया माइनर से नेवई, मरोदा, रिसाली, रूआबांधा, दुर्ग, खपरी व जेवरासिरसा की तरफ पानी ही नहीं आ पा रहा है। मरोदा व टंकी मरोदा के छोटी लाइन नहर में पानी आया लेकिन केवल एक फीट पानी चल रहा था। वह भी अब बंद हो गया है। जिसकी वजह से तालाब सूखे हैं।

नवरात्र का पर्व शुरू हो गया है। नवरात्र पर ज्योत जंवारा का विसर्जन तालाबों में किया जाता है। तालाबों में पानी नहीं पहुंचने की वजह से विसर्जन के लिए दिक्कतें उठानी पड़ेगी। बालोद के तांदुला जलाशय पर ही दुर्ग जिला पानी के लिए निर्भर है। जिला विभाजन के बाद यह जलाशय बालोद जिले में चला गया है।

## खबर संक्षेप

### सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत बासुला में सरपंच, उपसरपंच सहित पंचायत प्रतिनिधि की उपस्थित में अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत 6.50 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान सरपंच मलिखम कोसरे, उपसरपंच सौरभ वैष्णव, ग्राम पटेल मुरलीशरण वैष्णव, पंच उमेश साहू, गीतालाल वर्मा, सत्यवती टंडन, दुर्गा महिलांगे, राहुल वर्मा, मनोज वर्मा, सुखसगर वर्मा, किरपा साहू, सुकलू माडले, मनहरन कोसरे, दिलीप आदि उपस्थित थे।

### कांकेतरा में मनाया भूमिपूजन उत्सव

**राजनांदगांव।** अक्षय कृषि परिवार के भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान अंतर्गत सृजन सामाजिक संस्था द्वारा ग्राम कांकेतरा में भूमिपूजन उत्सव मनाया गया। जिसमें ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिट्टी का झरण रोकने, मिट्टी के संवर्धन के उपाय कार्यान्वित करने, रासायनिक खाद और रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं करने, कृषि सिंचाई में जल का अपव्यय रोकने और मेड़ पर पेड़ लगाने संबंधी जानकारी लोगों को देना है। सृजन सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित उक्त भूमिपूजन के लिए ग्राम के किसानों द्वारा अपने खेतों से मिट्टी लाकर एक स्थान पर एकत्रित कर विधि-विधान और मंत्रोपचार के साथ मिट्टी की पूजा की गई। पूजन के बाद भूमि के सुपोषण और संरक्षण हेतु सभी के द्वारा शपथ लेकर मिट्टी को वापस अपने खेत में ले जाकर छिड़काव किया गया। भूमिपूजन उत्सव में सरपंच तेजेस्वरी साहू, अर्जुन गोंड, पूर्णिमा गोंड, अंकालू देवांगन, शिव देवांगन, अशोक देवांगन, नारायण जांगड़े, पंच पुष्पा साहू, तामेश्वरी साहू, पार्वती देवांगन, आंगनबाडी कार्यकर्ता डिम्पल देवांगन, आशा सिन्हा और यशोदाबाई उपस्थित थे। सृजन सामाजिक संस्था के अध्यक्ष शरद श्रीवास्तव ने बताया कि भूमि के प्रति क्षीण हुई श्रद्धा के पुर्नस्थापन हेतु भूमिपूजन के लिए चैत्र शु. प्रतिपदा एक सर्वमान्य उचित अवसर है, जिसे प्रतिवर्ष करते रहना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के समन्वयक महेश साहू, सुनीता यादव और दीपक वर्मा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### कर्मा जयंती पर निकली शोभायात्रा

**डोंगरगढ़।** मुड़िया में साहू समाज एवं ग्रामीणों ने कर्मा जयंती महोत्सव का आयोजन किया। ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालकर गली भ्रमण किया और राम मंदिर एवं भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना किया। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुई। उन्होंने माता कर्मा बताये रास्ते पर चलने के जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने समाज की मांग पर भवन जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने मुड़यि की मांग को पूरा करने का आश्वसन दिया। सभा को सुरेश सिन्हा, दुर्गा प्रसाद रात्रे और दयालु वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच चंद्रिका धर्मेंद्र मंडावी, लालाराम वर्मा, कैलाश साहू, रामकिशन साहू, रतन साहू, नीलेश्वर वर्मा, मोरध्वज वर्मा, केशव वर्मा, पतराम वर्मा, महेश साहू, तोरण साहू, जुलम साहू, विमल साहू, उदन वर्मा आदि मौजूद थे।

# वर्षों की मांग के बाद भी नेवारीकला में नहीं बना पुल, पर हर साल की तरह ग्रामीणों ने बनाया रपटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बरसों की मांग के बावजूद ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी पर पुल तो नहीं बन सका, लेकिन हर साल की तरह इस बार भी ग्रामीणों ने हजारों की लागत से नदी पर मुरुम बिछाकर रपटा का निर्माण किया है, ताकि मुख्यालय पहुंचने के लिए भरी गर्मी में 7 किमी की जगह 14 किमी का सफर तय न करना पड़े। हालांकि, उन्हें यह भी पता है कि यह रपटा भी बारिश का मौसम शुरू होने पर तेज बहाव में बह जाएगा और उन्हें नदी पार करने में फिर परेशानी उठानी पड़ेगी। लेकिन, फिलहाल गर्मी के मौसम में लंबी दूरी से बचने का यही एक मात्र विकल्प उन्हें नजर आता है और वे हर साल नदी में मुरुम डालकर रपटा तैयार करते हैं। साथ ही करते हैं इंतजार कि कभी तो शासन प्रशासन के अधिकारियों का दिल पसीजेगा और उनवे तांदुला नदी पर पुल का निर्माण करेंगे और हमारी समस्या का स्थायी समाधान हो पाएगा।

## गर्मी में 7 किमी की जगह 14 किमी के सफर से बचने ग्रामीण हर साल बनाते हैं रपटा




**पुल बनने पर आसपास के 25 से ज्यादा गांवों के लोगों को मिलेगा लाभ :** ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम नेवारीकला में तांदुला नदी में पुल बन जाने पर न सिर्फ नेवारीकला के ग्रामीणों को लाभ होगा, बल्कि आस पास के 25 से भी ज्यादा गांवों के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय से दुर्ग मार्ग पर आने जाने वालों को सुविधा होगी। एक बार फिर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से तांदुला नदी पर शीघ्र ही पुल निर्माण की मांग की है, ताकि हर साल रपटा बनाने से छुटकारा मिलेगा। वहीं, बाकि समय होने वाली परेशानियों से भी मुक्ति मिलेगी

### अधिकारी-कर्मचारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों से भी मांग करते थक गए ग्रामीण

ग्राम नेवारीकला के ग्रामीणों का कहना है कि यहां कई साल से पुल निर्माण की मांग अधिकारी, कर्मचारी से लेकर जनप्रतिनिधियों से की जा रही है, लेकिन अब तक निर्माण नहीं हो सका है। इसकी वजह से हर साल उन्हें नदी पर रपटा बनाना पड़ता है। जहां से रपटा के सहारे सायकल से नदी पार कर 7 किमी का सफर कर मुख्यालय पहुंचा जा सकता है, वहीं रपटा नहीं होने पर 14 किलोमीटर की दूरी तय करके मुख्यालय पहुंचते हैं। रपटा बनने से जहां ग्रामीणों का 7 किमी बच रहा है, वहीं इससे उनके समय व ईंधन की भी बचत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जिला मुख्यालय से बघमरा, मेढ़की, ओरमा व नेवारीकला होते टेकापार में मुख्य नेशनल हाईवे पर मात्र 7 किलोमीटर का सफर तय कर पहुंच रहे हैं। ऐसे ही दुर्ग की ओर से जिला मुख्यालय आने वाले लोग रपटे की सहायता से कम दूरी तय करके जिला मुख्यालय पहुंच रहे हैं।

## योजना : ग्राम फागुनदाह में मनाया गया जनपद स्तरीय गृह प्रवेश उत्सव

# पीएम आवास योजना के 1250 हितग्राहियों ने बनाया पक्का मकान, किया गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम फागुनदाह में जनपद स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नव निर्मित घरों में गृह प्रवेश उत्सव मनाया गया। जनपद क्षेत्र में कुल 1250 हितग्राहियों ने रविवार को अपने नवनिर्मित घरों में गृह प्रवेश किया। ग्राम फागुनदाह में कुल 11 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। मुख्य आयोजन ग्राम के मनहरन साहू के निवास में किया गया। मनहरन साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना से प्राप्त 1.20 लाख की राशि के साथ स्वयं की जमा पूंजी एवं रिश्तेदार से राशि लेकर स्वयं से 4 लाख से अधिक राशि लगाकर भव्य घर बनाया है। मनहरन साहू 73 साल ने कहा कि हम गरीब हैं, हम सपने में भी अपना पक्का मकान बनाने की नहीं सोच सकते थे, हमारा पुराना मकान मिट्टी का कवेलू से बना था, जिससे बरसात में पानी भर जाता था, जीवन मुश्किलों भरा व खतरों से घिरा था। लेकिन, प्रधानमंत्री आवास योजना से राशि मिलने पर हममें हिम्मत आई। बेटे बहू के साथ मिलकर मकान को बड़ा एवं जरूरत के हिसाब से बनाने का निर्णय लेकर मकान बनाया, रिश्तेदार ने भी मदद की है।




### अपना स्वयं का पक्का मकान होने का सपना हुआ पूरा

मनहरन का पोता केशव साहू 20 साल बहुत प्रसन्न था। केशव ने कहा कि हम भाई बहन को पढ़ाई में बहुत परेशानी होती थीं। अब हम शांति से मन लगाकर पढ़ेंगे। कार्यक्रम में पहुंची जनपद सदस्य संध्या साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब परिवार की भी चिंता करते हैं। उन्होंने आज करोड़ों गरीब परिवार को अपना स्वयं का पक्का मकान होने का सपना पूरा किया है। कार्यक्रम में सरपंच मोतिम मरकाम, उप सरपंच माधव साहू, सीता बाई, मान बाई, रोशन, नरेंद्र, किशन, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। मंच संचालक तुलाराम साहू ने किया। कार्यक्रम में फागुनदाह हितग्राहियों को घरों की प्रतीकात्मक चाबी के साथ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## रजोली में हुआ गृह प्रवेश कार्यक्रम, पीएम आवास के हितग्राहियों को मिली चाबी



**बालोद।** ग्राम पंचायत रजोली में विकासखंड स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर थीं, अध्यक्षता पुरूषोतम चन्द्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, नगर पंचायत गुण्डदेही कांति सोनेश्वरी, ज़िला पंचायत सदस्य दीपक साहू, जनपद सदस्य त्रयोदश मुकेश थे। इस अवसर पर तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक का सपना होता है कि उसका एक पक्का मकान हो, जिसमें वह अपने परिजनों के साथ आरामदायक जीवन व्यतीत कर सके। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण सभी का यह सपना पूरा नहीं हो पाता। गरीब और असहाय नागरिकों के सपनों को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से ऐसे जरूरतमंद लोग, जिनके पास पक्का मकान नहीं था और जो आर्थिक तंगी के कारण अपना घर बनाने में असमर्थ थे, उन्हें सहायता प्रदान की जा रही है। हमारे बालोद जिले में ही अभी तक चालीस हजार मकानों का सर्वे हो चुका है और भी सर्वे कार्य प्रगति पर है, जो भी वंचित परिवार हैं वो सर्वे की पात्रता सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं। हजारों की संख्या में नए मकान बालोद जिले में बनना है। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में लाखों लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा चुका है और आगे भी दिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर गरीब के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में जनपद सीईओ जांगड़े, नीलम चंद्राकर उपस्थित रहे। बता दें कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों के जीवन में बदलाव लाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# श्री राम जन्मोत्सव पर नगर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- विहिप के आयोजन में अखाड़ा प्रदर्शन की तैयारी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं मातृशक्ति संगठन इस वर्ष 6 अप्रैल को बालोद जिले भर में श्री राम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे हैं। विहिप के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, तरुण राठी, हिंदूवादी नेता कमल बजाज, बजरंग दल संयोजक प्रदीप मीनपाल इस आयोजन को लेकर जिला केंद्र में लगातार बैठक कर तैयारी को अंतिम रूप दे रहे हैं।

इस वर्ष राम जन्म उत्सव में दूसरे जिले से आकर्षक झांकी, अखाड़ा, आमंत्रित किये गए हैं। शोभायात्रा के दौरान बाइक रैली निकाली जाएगी व सामूहिक हनुमान चालीसा सहित जय स्तम्भ चौक में रामजी की आरती पूजन व भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जा रही है। विहिप के जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, ओम गोलछा, मातृशक्ति जिला संयोजिका सत्या साहू, स्वेता राजपूत, ममता यदु, पूजा जैन भी संगठन के इस आयोजन को लेकर विशेष रूप से कार्ययोजना बना रहे हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर को तोरण पताकों, झंडों से सजाने की तैयारी कर रहे हैं।

कार्यक्रम में शामिल होने जिलेभर से मातृशक्ति संगठन की सदस्य बहनें भगवा साड़ी में शामिल होंगी। वहीं, दुर्गावाहिनी की बेटियां भी इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेंगी।

6 अप्रैल को सर्व हिंदू संगठन के पदाधिकारी, समाजिक संगठनों के प्रमुख, मन्दिर समितियों के पदाधिकारी, महिला मंडल, मानसगान मंडली, युवा मंडल सहित साधु संतों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर सनातन धर्मसेवकों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य व संत वीरेंद्र देशमुख बालोद शहर व गुरुर नगर के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# नवीन अनुसंधान पद्धति आधारित सात दिवसीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव द्वारा प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के निर्देशन में 19 से 27 मार्च के बीच नवीन अनुसंधान पद्धति पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

19 मार्च को पहले सत्र के दौरान प्राचार्य ने स्वागत उद्बोधन देते कहा कि इस तरह की कार्यशाला वास्तव में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को शोध करने प्रेरित और मार्गदर्शन देती है। इस कार्यशाला के माध्यम से वे शोध की अवधारणा, इसे कैसे करना है और शोध के लाभ और सीमाओ को समझेंगे। रसायन विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ. एके झा ने पहले दिन शोध विधियों और दूसरे दिन लेख लेखन पर व्याख्यान दिया, जहां उन्होंने शोध करने, शोध समस्याओं की पहचान करने और गुणवत्तापूर्ण शोध आलेख प्रकाशित करने के तरीके पर विस्तार से बताया।

समापन समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा अब आप अनुसंधान के बारे में जानते हैं और अब बिना कठिनाईयों एवं उचित नियोजन से अनुसंधान में कार्य संपन्न कर सकते हैं। प्रत्येक सहभागी को भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया गया और डॉ. एके झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यशाला के आयोजन में परमेश्वर वर्मा, डॉ. श्रुति सोनी एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ की सक्रिय सहभागिता रही। शा. नवीन महाविद्यालय हसौद सख्ती के सहायक प्राध्यापक डॉ. धम्मपाल रामटेके ने तीसरे दिन मेटलैब की मूल बातें एवं शोध में इसके विस्तृत अनुप्रयोगों के बारे में बात की। डॉ. रंगनाथ ने चौथे दिन शोध पद्धति पर व्याख्यान दिया।

पाचवें दिन डॉ. वासुदेव गुरनुले द्वारा शोध पद्धति और शोध नैतिकता पर व्याख्यान दिया गया और डॉ. सुमित श्रीवास्तव द्वारा शोध अनुदान और शोध फैलोशिप पर व्याख्यान दिया गया। छठे दिन डॉ. अक्षय कुमार राउत ने रसायन विज्ञान अनुसंधान में कंप्यूटर का अनुप्रयोग विषय पर व्याख्यान दिया। अंतिम दिन डॉ. मनोज कुमार सिंह ने अनुसंधान नैतिकता पर व्याख्यान दिया।

## सरदार पटेल मैदान में लौटने लगी रौनक...



**बालोद।** अंधेरे एवं नशेड़ियों से घिरे सरदार पटेल मैदान में नगर पालिका प्रशासन ने सुध ली है। इससे अब पटेल मैदान में रौनक लौटने लगी है। मैदान पर बच्चे खेलते नजर आने लगे हैं। सरदार पटेल मैदान नगर के कई ऐतिहासिक घटनाक्रम का साक्षी रहा है। बीते दशक यह मैदान अंधेरे में गुम होने लगा था। अंधेरे के कारण यह नशेड़ियों का अड्डा बन गया था। वहीं, अब नगर पालिका में सरकार बदलते ही मैदान में पहला कार्य अंधेरे को मिटाने का किया गया। हेलोजन लाईट लगवाई गई। मैदान में रोशनी होते ही बच्चे खेलने आने लगे हैं। अब बच्चों को दूर स्थित स्टेडियम नहीं जाना पड़ता।

## जंवारा विर्सजन के साथ हुआ गणगौर महोत्सव का समापन...



**गुरूर।** पंद्रह दिनों तक चले गणगौर महोत्सव का सोमवार को जंवारा विर्सजन के साथ समापन हो गया। पंद्रह दिनों तक माहेश्वरी समाज की महिलाओं एवं बेटियों ने भगवान शंकर एवं माता गौरी की आराधना करने के बाद गुड़ला निकाली। भगवान शंकर एवं माता गौरी की मूर्तियों की पूजा की गई। सोमवार को इसका विधि विधान से विसर्जन किया गया।

### खुशहाली की दुआ के साथ मनी ईद

**खैरागढ़।** हमेशा की तरह परम्परानुसार मुस्लिम समाज ने जश्ने ईद-ऊल-फितर का मुबारक त्यौहार हर्षोल्लास साथ मनाया। दाऊचौरा स्थित ईदगाह में सुबह 9 बजे जामा मस्जिद के पेश ईमाम हाफिज फखरुद्दीन मिस्बाही ने ईद की पाक नमाज, तकरीर बाद नमाजे ईदुलफितर मुस्लिम रवायत के मुताबिक अता की गई जिसके बाद ईद-ऊल-फितर का विशेष खुद्बा पढ़ा गया व आखिर में सलातो-सलाम पढ़कर वतन के अमन, चैन व खुशहाली के साथ सभी की सलामती की दुआ मांगी गई। दुआ बाद मुसलमान भाईयों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक दी और कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहुमो के ईसाले सवाब के लिए फातिहा पढ़ी जिसके बाद पूरे दिन एक दूसरे के घर जाकर ईद की मुबारकबाद देते रहे और सेवई-खीर तस्कीम का सिलसिला चलता रहा।

### एक साल बाद छेड़छाड़ का मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में छात्रा के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। विवि प्रशासन की अनदेखी और लापरवाही के चलते एक साल तक दबा मामला अब उजागर हुआ है जिसके बाद छात्रा से छेड़छाड़ और अश्लील हरकतों के आरोप में पुलिस ने प्राध्यापक डॉ. योगेंद्र चौबे को प्रथमदृष्टया दोषी पाते हुए राजनांदगांव के स्पेशल कोर्ट में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले को लेकर पता चला है कि संगीत विवि मे पढ़ने वाली छात्रा को आरोपी प्राध्यापक ने परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने का लालच दिया और फिर अश्लील इशारे करने लगा। जब छात्रा ने इसका विरोध किया तो वह लगातार दबाव बनाने लगा और मोबाइल पर आपत्तिजनक संदेश भेजने लगा।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## लेनदेन को लेकर हमला, तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** रुपए लेन देन को लेकर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 109, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि सेक्टर 7 सड़क नंबर 15 क्वार्टर नंबर 3 एफ निवासी विमलेश्वरी राजपूत ने शिकायत किया था। 28 मार्च की रात शाप नं. 09 इस्पात नगर रिसाली निवासी विशाल कनौजिया अपने साथी संजय गिरी उर्फ लिची ,अम्बेडकर नगर कैम्प 2 संजय सोनकर,आदर्स नगर कैम्प 2 मोहम्मद साहिल और अपचारी बालक के साथ पति से पुराने लेनदेन को लेकर विवाद किया। चाकू से हमला कर फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपी विशाल कन्नोजिया,संजय गिरी उर्फ लीची का पीड़िता के पति के साथ आपसी लेनदेन का विवाद था। विवाद के बाद संजय गिरी उर्फ लीची, विशाल कन्नोजिया अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देकर फरार हुए थे। पुलिस ने तुरंत तीन युवक समेत 1 अपचारी बालक को पकड़ लिया।

## मोबाइल पार करने वाले धरे गए, एक अपचारी भी

**भिलाई।** मोबाइल चोरी करने वाला एक अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि टाटा लाईन कोहका निवासी अजीजूल हसन पैदल कोहका जा रहा था। तभी बाइक सीजी 07 बीएक्स 2867 में दो व्यक्ति अचानक पहुंचे और मोबाईल को झपटा मारकर फरार हो गए। शिकायत के बाद दो अपचारी बालक पुलिस गिरफ्त में आए। मोबाईल की कीमत 5 हजार रुपए आंकी गई है।

## शराब बंदी को लेकर छग महिला संघ ने दिया धरना

**भिलाई।** रविवार को दुर्ग जिला छत्तीसगढ़ी महिला संघ द्वारा छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी को लेकर जोहार चौक रिसाली में एक दिवसीय धरना दिया गया। वर्तमान में छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से इसी तरह 67 नए शराब दुकाने खोलने जा रही है। दुर्ग जिले में लगभग 18 नए शराब दुकान खुलने को तैयार है। जबकि पूर्व में 16 शराब दुकान दुर्ग में संचालित है। अब बढ़कर 34 हो जाएंगे। जिसको लेकर प्रदेश छत्तीसगढ़ी समाज ने प्रत्येक जिले में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। कार्यपालिक मजिस्ट्रेट क्षमा यदु को ज्ञापन सौंपा गया। संघ कुसुमलता वर्मा, चंद्रकला तारम, प्रेमलता देशमुख आदि ने संबोधित किया।

## पर्यावरण बचाएं और एक सुंदर भविष्य की नींव रखें : रश्मि

**भिलाई।** पर्यावरण और मानव जीवन एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन कठिन हो जाएगा। वनों की कटाई, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, और प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग हमारे पर्यावरण को धीरे-धीरे नष्ट कर रहे हैं। यह बातें बेटी बचाओ मंच दुर्ग अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल ने चर्चा के दौरान कही।

**पर्व :** रमजान के रोज़े के बाद मुस्लिम समुदाय ने मनाई ईद, गले-मिलकर दी मुबारकबाद

# ईद पर नमाज कर मांगी अमन चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रमजान के रोज़े के बाद खुशी का इजहार करने ईद का त्यौहार मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि यह गरीब, यतीम सारे लोगों की ईद होती है। आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है। आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है। कोई गरीब इंसान है, उसकी मदद करने का दिन है। कोई गरीब हो और उसके तन पर कपड़ा ना हो, तो अमीरों को चाहिए कि उसकी खुशी के लिए कपड़े का इंतजाम करें।

हाफ़िज़ शकील चिस्ती ने कहा कि रमज़ान का रोज़ा ईद का तोहफा है। उसके रोज़े बारगाहे इलाही में मकबूल होते हैं, उसके लिए ईद है। इस ईद के दिन सब एक जगह इकट्ठा होकर आपस में दिलों में बसी नफरतों, हसद को ख़त्म कर भाई–भाई का रिश्ता बनाकर एक दूसरे से गले मिलें।

उन्होंने कहा कि हमारे पैगम्बर ने आमनों शांति का पैगाम दिया है, गरीबों का ख्याल रखा है। ईद की नमाज़ अदा करने से पहले आप गरीबों की मदद करके आइए, उनकी तकलीफों को दूर करके आइए, उनकी मदद करिये, ताकि वह भी ख़ुशी से त्यौहार मना सकें। ईद की नमाज के बाद उन्होंने प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन, भाईचारा, शांति के लिए दुआएं कीं।

ईद उल फितर पर छोटे बड़े बुजुर्ग सभी ईदगाह पहुंचे। नमाज अदा कर एक-दूसरे से गले मिलकर बधाई दी। नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मग़ फेरत के लिए दुआएं की। यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है। खिदमते खल्क के तहत मोमेंटो देकर नवाज़ा गया। जिसमे मुस्लिम समाज से मजीद शेख, हुसैन बाबा, आदिल अमान, अतहर बख्श, गुलाम मोईनुद्दीन, बबलू भाई, अल्ताफ तिगाला, इस्माइल खान, मो जुनैद कुरैशी, अमजद खान,जावेद तिगाला, अहमद खान दादा भाई, शेख गुलाम, रहीम मोहम्मद, अख्तर रजा,शेख इमामुद्दीन, शेख नावेद, असफाक तिगाला,अल्ताफ तिगाला, इमरान खान, अतहर बक्श, समीर खान, ताहिर ताज़ को ईद की नमाज के बाद इंतजामियाँ कमेटी बालोद की ओर से रमज़ान उल मुबारक के मौके पर समाज में रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में योगदान देने व समाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मोमेंटो देकर अध्यक्ष शाहिद अहमद खान, उपाध्यक्ष सईद तिगाला ने हौसला अफ़ज़ाई करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी।





### ज़कात देना अनिवार्य

इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत हिस्सा गरीबों के लिए देना अनिवार्य है, जिसे ज़कात कहते हैं। इसका मकसद यह है कि गरीब मुस्लिम सभी इस पैसे से अपने बच्चे परिवार के साथ ईद मना सकें। ईद के इस मौके पर इंतजामियां कमेटी के शाहिद खान ने मुसलमानों को ईद की बधाई दी व कमेटी के विकास कार्य की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन, नगर पालिका का आभार व्यक्त किया।

### ईदगाह स्थित कब्रिस्तान पहुंचे जनप्रतिनिधि

मुस्लिमों द्वारा ईद की नमाज अदा करने के बाद इंतजामियाँ कमेटी के अध्यक्ष शाहिद खान, उपाध्यक्ष शकील तिगाला व कमेटी के पदाधिकारियों व मुस्लिम समुदाय के लोगों से नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, संतोष चौधरी, पार्षद प्रीतम यादव, बंटी शर्मा व जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह स्थित कब्रिस्तान आकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाक़ात कर उन्हें ईद की बधाई दी।

## मुस्लिम समुदाय ने मस्जिदों में नमाज अता कर मांगी अमन चैन की दुआ



**दल्लीराजहरा।** शहर में भी ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा कर देश में अमन-शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। ईद की सुबह से ही दल्लीराजहरा शहर की मस्जिदों में रौनक देखी गई। बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने एकजुट होकर ईदगाह में विशेष नमाज अदा की। इसके बाद एक-दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी और सौहार्द का संदेश दिया। ईद-उल-फितर के मौके पर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहने बच्चे एक-दूसरे से मिलकर खुशियां साझा करते नजर आए। ईद के पारंपरिक पकवानों की खुशबू हर घर में फैली रही, और लोगों ने सेवइयां, मीठे पकवान और अन्य व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। शहर में विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी, जिससे सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी प्रेम का माहौल बना रहा।

ईद-उल-फितर के इस पावन अवसर पर दल्लीराजहरा में उल्लास और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली, जिसने समाज में एकता और सद्भाव का संदेश दिया। जामा मस्जिद दल्लीराजहरा के सदर ने बताया कि रमजान एक ऐसा बा-बरकत महीना है, जिसका इंतेजार साल के ग्यारह महीने हर मुसलमान को रहता है। रमजान का मकसद इंसान को बुराइयों के रास्ते से हटाकर अच्छाई के रास्ते पर लाना है। इसका मकसद एक दूसरे से मोहब्बत, प्रेम, भाईचारा और खुशियां बांटना है। जामा मस्जिद के ईमाम अब्दुल बशीर साहब और नायब ईमाम हकीक नूरी सहाब ने अल्लाह की बारगाह में पूरे हिन्दुस्तान के लिए अमन चैन और घरों में बरकत के लिए दुआएं मांगी हैं।

## भरदाखुर्द में मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती




**गुण्डरदेही।** ग्राम भरदाखुर्द में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्य गुलशन साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू शामिल हुए।

## परसदा में साहू समाज ने मनाई माता कर्मा जयंती




**गुण्डरदेही।** ग्राम परसदा में परिक्षेत्रिय साहू समाज द्वारा माता कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य गुलशन साहू के साथ ही कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष ओटेबंद कुलदीप साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## भोथीपार में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा जयंती



**गुण्डरदेही।** ग्रामीण साहू समाज भोथीपार द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती मनाई गई। जहां साहू समाज की महिलाओं ने गांव में कलश शोभायात्रा निकाली। उसके बाद मां कर्मा की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा, अध्यक्ष तहसील साहू संघ अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, परिक्षेत्रीय साहू संघ कलंगपुर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू, जनपद सदस्य दीपक साहू, सरपंच लेखराम साहू, परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष झग्गर साहू, परिक्षेत्रिय सचिव गोपी राम साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# साहू समाज ने धर्म परिवर्तन को लेकर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम मोखा में साहू समाज द्वारा परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मोखा परिक्षेत्र के ग्राम मोखा, सोनईडोंगरी, कन्हारपुरी, चुल्हापथरा, धानापुरी, हितेकसा, खैरडगी एवं बिच्छीबाहरा के सामाजिक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह में महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली। सामाज ने माता कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- ग्राम मोखा में आयोजित माता कर्मा जयंती पर तहसील अध्यक्ष ने कहा- समय पर करें बच्चों का विवाह

समारोह की मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू थीं, अध्यक्षता तहसील साहू संघ अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने की। तहसील कोशाध्यक्ष खेदूराम साहू, जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मीना साहू, जनपद सदस्य प्रेमलाल साहू, धनसाय साहू, अजेन्द्र साहू, आत्माराम साहू, गोंविद साहू, सिन्हा समाज प्रमुख रामस्वरूप सिन्हा, सरपंच कन्हारपुरी तेजराम साहू, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष गौकरण साहू, परिक्षेत्रिय सचिव पुरानिक साहू, अघनु साहू, राजेन्द्र साहू, संजय साहू, मिथलेश साहू, पुरानिक साहू, यशवंत गंजीर मंचासीन थे। समारोह में कला के क्षेत्र में पहचान बनाने वाले युगल किशोर साहू एवं प्रदीप साहू के साथ प्रतिभावानों एवं समाज के गौरवजनों का सम्मान किया गया। समाज की बालिकाओं ने संदेशपरक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तहसील अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने कहा कि समाज धर्म परिवर्तन के दंश से घिर रहा है। हमें समाज में एकता, भाईचारा के साथ आपसी प्रेम, सद्भावना एवं सामंजस्य के साथ कार्य करना होगा। बच्चों की शादी समय पर करें। विलंब से शादी करने से बच्चों के बहकने एवं अंतरजातीय विवाह की स्थिति बन रही है।





### माता कर्मा से त्याग व भगवद् प्रेम की मिलती है प्रेरणा

जिला पंचायत सदस्य तेजराम साहू ने कहा कि आज सभी निज इच्छा पूर्ति के लिए भगवान की शरण में जाते हैं। माता कर्मा निःस्वार्थ भाव से भगवान जगन्नाथ की सेवा में लीन रहीं। उनकी भक्ति का प्रभाव ऐसा था कि भगवान छप्पन भोग को छोड़ माता कर्मा की खिचड़ी खाने उसके घर चले आते हैं। माता कर्मा से हमें त्याग एवं भगवत प्रेम की प्रेरणा मिलती है।

### महिलाएं समाज के कार्यों में दिखाएं सक्रियता : सुनीता

जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि समाज की महिलाएं सक्रियता के साथ समाज के कार्यों में सहभागिता निभाएं, सभी सक्रिय हों, लेकिन समाज की मान मर्यादा एवं रीति निति का पालन करें। हमें मिलकर समाज को आगे बढ़ाना है। बच्चों को संस्कारवान बनाना है।

## हनोदा के 3 बच्चों का नवोदय में चयन



**अंडा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शासकीय प्राथमिक शाला हनोदा के तीन बच्चों का चयन हुआ है। बच्चों के चयन होने पर सरपंच लक्ष्मी किशोर साहू, उप सरपंच प्रकाश पटेल, पंच राजेश साहू, भोजराम साहू, मनीष चंदेल,आशा साहू, सरस्वती कुंभकार, रुक्मणी बंजारे, दिनेश पटेल भूपेंद्र कुंभकार, प्रतिमा पटेल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं भावना राजपूत, सरोजनी वर्मा, ग्लैडिस सिंग, छबीला साहू बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कक्षा पांचवी के विद्यार्थी चैतन्य साहू,पिता ठगेश्वर साहू, मनन पटेल पिता भूपेंद्र पटेल एवं युवराज खरे पिता गोपी राम खरे का चयन नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है।

## ग्राम मुढ़िया में शुरू हुई श्रीमद् देवी भागवत कथा



**बालोद।** ग्राम मुढ़िया में नवरात्रि महापर्व पर माता देवालय मां शीतला में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ एवं ज्योति जंवारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शिवकुमार सिन्हा ने बताया कि प्रवचनकर्ता पंडित राजेश शर्मा ग्राम रनचिरई वाले महाराज हैं। परायणकर्ता पंडित भीष्मक पांडे, पंडित कान्हा शर्मा, ग्राम पुरोहित पंडित संतोष शर्मा एवं आयोजक समस्त ग्रामवासी मुढ़िया हैं। प्रतिदिन रात्रि में जस पचरा का कार्यक्रम हो रहा है। बैगा घुरऊ राम बढ़ाई है।

## बीएड छात्राओं ने ईपीएल में उत्साह से लिया भाग

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय के शिक्षा विभाग में बीएड की चौथे सेमेस्टर की छात्राओं के लिए एजुकेशनल प्रीमियर लीग (ईपीएल) का आयोजन किया गया। इस प्रीमियर लीग स्पोर्ट्स एक्टिविटी में कैरम, बैडमिंटन एवं क्रिकेट का आयोजन हुआ। भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है यह हमे स्वस्थ रहने के साथ साथ मानसिक,शारीरिक, और सामाजिक विकास का भी माध्यम हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

ग्राम धमना में आयोजित रामधुनी यज्ञ के समापन अवसर पर शामिल हुईं जिपं सदस्य कल्पना

# भगवान श्री राम का नाम लेने से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

धमना में तीन दिवसीय रामधुनि यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसका समापन रविवार रात भक्ति संध्या के साथ हुआ। जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू के गृह ग्राम धमना में आयोजित रामधुनि में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पवन शर्मा, सदस्य जिला पंचायत दुर्ग कल्पना साहू, सदस्य जिला पंचायत दुर्ग नीलम राजेश चंद्राकर, सदस्य जिला पंचायत दुर्ग जितेंद्र यादव, अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन नारद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष दक्षिण पाटन लालेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष जामगांव कमलेश साहू, महामंत्री भाजयुमो दक्षिण पाटन जिनेश जैन, खुमान जंगाडे, सरपंच आगेसरा रमाकांत साहू, कोषाध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन कमलेश यादव मंचासीन रहे।

जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू ने कहा कि राम धुनी भगवान राम में धुन लगाने प्राचीन सामूहिक पद्धति है। भगवान राम हमारे आराध्य है जब आराध्य की आराधना सामूहिक तौर पर होती है तब पूरा गांवमय लगने लगता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। जो गांव में अमन चैन शांति का पैगाम लाती है। उन्होंने कहा कि राम की मर्यादा मय जीवन सभी के लिए हितकारी है। राम धुनी भगवान राम को समर्पित होती है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन अभिषेक सेन, सूरज निर्मलकर, हीरेंद्र साहू, भूषण साहू, लेखराम साहू, संतोष साहू, जितेंद्र साहू, बीरबल साहू, भारत साहू, कमलेश कुमार, अंकालु साहू, शिवराज यादव, गजेंद्र साहू, कुमार साहू, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
16 मई से 23 मई, 23 मई से 30 मई, 06 जून से 13 जून
25 जुलाई से 1 अगस्त 2025 (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411